हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

11 केन्द्रीय विद्यालय के लिए जमीन का कब्जा न देने...



12 जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ



## खबर संक्षेप

### वर्मी कम्पोस्ट मेकिंग कोर्स का हुआ समापन

**फतेहाबाद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पंचायत भवन में डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट मेकिंग कोर्स का समापन किया गया। आरसेटी निदेशक उम्मेद सिंह ने 32 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के स्वयं के रोजगार शुरू करने में कारगर साबित होगा।

### पांच विद्यालयों में जर्सी व जूते वितरित

**रतिया।** भारत विकास परिषद् रतिया द्वार 5 विद्यालयों राजकीय माध्यमिक पाठशाला रत्तनगढ़, राजकीय माध्यमिक विद्यालय मिराना, राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोझांवाली, राजकीय प्राथमिक पाठशाला इम्प्लॉयज कॉलोनी रतिया और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरुसर में जूते व जर्सी वितरित किए गए। कुल 146 विद्यार्थियों को जर्सी और 106 विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। कार्यक्रम के संयोजक भाविप सदस्य गिरधारी लाल सिंगला और मक्खन लाल गोयल थे।

### भूना में स्कूल पढ़ने गई छात्रा लापता

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में वार्ड 3 भूना निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी बहन रोजाना की तरह पढ़ने के लिए स्कूल गई थी लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। वहीं गांव दौलतपुर निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी बहन हिसार के गांव किशनगढ़ में विवाहित है। गत दिवस वह दोनों बच्चों के साथ बिना बताए घर से चली गई है।

### प्रकाशोत्सव को समर्पित प्रभातफेरियां शुरू

**रतिया।** प्रभातफेरी सेवा सोसायटी द्वारा पुराना बाजार स्थित गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरियों की शुरुआत की गई। संगत शब्द गायन करते हुए सेवक परिवार के निवास पर पहुंची और भाई त्रिलोक सिंह के रागी जत्थे ने संगत को रसभिन्ने शब्द कीर्तन से निहाल किया और गुरु साहिब के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस दौरान सरबत के भले की अरदास ग्रंथी अंग्रेज सिंह ने की। प्रभातफेरियां 13 जनवरी तक लगातार जारी रहेगी।

### नये वाटर वर्क्स के लिए 21.54 करोड़ मंजूर

**रतिया।** विधायक लक्ष्मण नापा के प्रयासों से रतिया विधानसभा क्षेत्र के गांवों में 21 करोड़ 54 लाख 38 हजार रुपये की राशि से नये वाटर वर्क्स व रिपेयर के लिए राशि मंजूर हुई। विधायक ने बताया कि लालवास, दादूपुर व रताखेड़ा गांव में जलघर की रिपेयर की जाएगी। गांव बिराबदी, बलियाला, मढ़ व बोड़ा में नया जलघर, दादूपुर ढाणी में बुस्टिंग स्टेशन, नंगल जलघर में स्टोरेज टैंक बनाने की राशि मंजूर हुई।

### तीन किसानों की सैकड़ों फुट केबल चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गत दिवस गांव नांगली में कुछ किसानों के ट्यूबवेलों से सैकड़ों फुट केबल चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में गांव नांगली निवासी किसान बलदेव सिंह, रामनिवास व सतबीर ने कहा है कि गत रात्रि अज्ञात चोर उनके ट्यूबवेलों से केबल चोरी कर ले गए हैं।

### दुर्गा स्कूल की छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

**टोहाना।** श्रीदुर्गा महिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को एडवोकेट रमेश शर्मा द्वारा छात्राओं को महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार की कानूनी जानकारी दी। उन्होंने उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी विस्तार से बताया। एडवोकेट रमेश शर्मा ने छात्राओं को जीरो एफआईआर दर्ज करवाने तथा 112 नंबर डायल करने के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि 112 नंबर पर काल करने से आपको पांच मिनट में पुलिस सहायता सहायता मिलेगी।

---

### मंत्री ने सिरसा व डबवाली में निरीक्षण कर लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

# शहर को साफ-सुथरा कर स्वच्छता मिशन को बनाएं सफल : डा. कमल



**सिरसा।** शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते शहर निकाय मंत्री कमल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया। अपने औचक निरक्षण में मंत्री ने सिरसा व डबवाली शहर में विभिन्न क्षेत्रों का मौके पर जाकर जायजा लेते हुए सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता जरुरी होती है। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता मिशन को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेशभर में इस दिशा में गंभीरता से कार्य हो रहा है। अधिकारी सफाई व्यवस्था को लेकर अपना लक्ष्य बनाएं और उसे ईमानदारी के साथ पूरा करें। सफाई के मामले में चाहे कोई अधिकारी हो या कर्मचारी जवाबदेही तय है, इसलिए कोई भी कोताही करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी शहर में सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। मंत्री डा. कमल गुप्ता ने वीरवार को दोपहर अपने दौरा अभियान के दौरान शहर के मुख्य बाजार, बेगु रोड, काठ मंडी, सब्जी मंडी, अनाजमंडी सहित शहर के अनेक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कमियां पाए जाने पर नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बेगु रोड स्थित जगदंबे पेपर मील के पास कचरे के ढेर लगे देखकर मंत्री ने अपनी गाड़ी रोकी और नगर परिषद अधिकारियों से इसकी पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अगले तीन दिनों में इस क्षेत्र का कचरा उठाकर शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने 15 दिनों में ग्रीन बेल्ट को लेकर प्लानिंग और रूप रेखा प्रस्तुत करने के लिए डीएमसी को निर्देश दिये गए। निरीक्षण के बाद अधिकारियों से बैठक करते हुए सिरसा को पार्किंग की मार्किंग और सड़क के साइड में बाउंडरी लाइन, चौक और पाकार्ं में फाउंटेन, सैनिटेशन, सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

#### मंत्री के सामने खोली पोल

डबवाली पहुंचे नगर निकाय मंत्री कमल गुप्ता का डबवाली पहुंचने पर लोगों ने जहां जोरदार स्वागत किया वही उनके सामने समस्याओं का पिटारा भी खोल दिया गया। लोगों ने बताया कि किस प्रकार से डबवाली की नगर परिषद जन मानस को सुविधाएं देने में नकारा साबित हो रही है। मंत्री को शहर की विभिन्न समस्याओं जैसे सफाई -सीवरेज की बदहाल व्यवस्था, एन.ओ.सी. में आ रही समस्याओं, कूड़ा डंप को शहर से बाहर करने बारे, कम्यूनिटी हाल के नवीनीकरण के बारे ,शहर की अस्थायी कॉलोनियों को नियमित करने बाबत मांग उठाई गई। इसके अलावा शहर में चल रही सफेद हाथी बनी रोड स्विप्पिंग मशीन को यहां से बाहर भेजने के बारे में प्रमुखता से मांग उठाई गई। मंत्री ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द समस्याओं का निदान करे । शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री से आग्रह किया कि वह समय-समय पर डबवाली आ जाया करें। इससे शहर के लोगों को समस्याओं के निदान में सहायता मिलेगी।

---

## टोहाना में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, लोगों ने किया विरोध



**फतेहाबाद।** टोहाना में गोदामों को गिराती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में वीरवार को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम द्वारा बिना अनुमति बनाए गए गोदामों को पीला पंजा चलाकर ढहा दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। हालांकि कुछ लोगों ने विभाग की इस कार्रवाई का विरोध भी किया लेकिन पुलिस बल की तैनाती के चलते वे इस कार्रवाई को नहीं रोक पाए। मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों जिला नगर योजनाकर विभाग को सूचना मिल रही थी कि टोहाना क्षेत्र के बाहरी क्षेत्र में लोगों ने सड़क किनारे अवैध तरीके से गोदाम बनाए हुए है। इसके लिए जिला नगर योजनाकार विभाग की तरफ से कोई मंजूरी भी नहीं ली गई है। इसके बाद वीरवार को जिला नगर योजनाकार अधिकारी पुलिस बल को लेकर यहां पर अवैध कब्जा हटाने के लिए पहुंची। इस दौरान गोदाम मालिक ने इसका विरोध किया, लेकिन पुलिस साथ में होने के कारण कुछ नहीं चली। अधिकारियों का कहना है कि बिना मंजूरी के यहां पर गोदाम बनाए गए है। नियमानुसार कार्रवाई की गई है। विभाग के पास शिकायत आ रही थी कि अवैध तरीके ये यहां पर गोदाम बनाए गए हैं। यहीं कारण कि गुरुवार को पुलिस बल को सहायता लेकर बाउंड्री व गोदाम को तोड़ने के लिए टीम पहुंच गई। किसी प्रकार का विरोध न हो, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कुछ लोगों ने विरोध भी किया। अधिकारियों ने कहा कि नियम के अनुसार इसका नक्शा पास नहीं है और इसके लिए अनुमति लेनी जरूरी है।

---

## किसानों ने थाना के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** थाना के बाहर प्रदर्शन करते किसान व परिजन।

जाखल क्षेत्र के गांव नडैल में कुछ अपात्र लोगों द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत गड़बड़ी कर गलत तरीके से हर माह पैसा लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। गुरुवार को गांव में कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली के कार्यक्रम में ये मुद्दा उठाने पर विवाद खड़ा हो गया। गांववासी दो लोगों को मंत्री से इस संबंध में सवाल करना भारी पड़ गया। चलते कार्यक्रम के बीच ही पुलिस प्रश्न पूछने वाले दोनों लोगों को गिरफ्तार कर थाने में ले आई। पुलिस का कहना है कि दोनों लोगों द्वारा मंत्री से अभद्रता की गई । ऐसे में मंत्री के हस्तक्षेप से पुलिस द्वारा दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, दूसरी ओर इसकी सूचना मिलने पर गांव के लोग और किसान संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों ने गिरफ्तार युवाओं के पक्ष में थाने के बाहर धरना लगा दिया। ग्रामीण व किसानों द्वारा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोनों युवकों को तुरंत प्रभाव से रिहा करने की मांग की गई। टोहाना से डीएसपी भी प्रदर्शनकारियो के बीच पहुंचे। डीएसपी और थाना प्रभारी ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत करने का प्रयास किया।

---

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की अपमान जनक ढंग से नकल करने तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा उनकी वीडियो बनाने की घटना से क्षुब्ध जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन किया। भाजपा जिला कार्यालय से रोष मार्च शुरू हुआ प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भूना रोड चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग उठाई कि राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी पूरे देश से माफी मांगे। क्योंकि उन्होंने भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने कहा कि यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि संसद के बाहरी परिसर में टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की अपमानजनक ढंग से मिमिक्री की जा रही है और राहुल गांधी खड़े हंसते हुए उनकी वीडियो बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना संवैधानिक परम्पराओं पर सबसे बड़ा आघात है, ऐसा करके टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी व राहुल गांधी ने पूरे देशवासियों को शर्मिंदा किया है। मौके पर भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल, जगदीश शर्मा, भारत भूषण गर्ग, रणजीत ओड, इन्द्राज मोगा, रामचन्द्र रेहलन, हंसराज सचदेवा, मुलकराज चावला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ आदि थे।

---

## धान का भुगतान देरी से करने पर आढ़तियों में रोष



**सिरसा।** बैठक करते आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा अनाजमंडी में हैफेड द्वारा खरीदे गए बासमती धान का भुगतान समय पर न किए जाने से मंडी के आढ़तियों व किसानों में रोष है। इस बारे में आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के प्रधान मनोहर मेहता ने हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत तथा सीएम मनोहर लाल को एक पत्र भेजा है। साथ ही इस मामले में आज आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के कार्यालय में प्रधान मनोहर मेहता की अध्यक्षता में आढ़तियों की एक बैठक हुई। बैठक में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कुणाल जैन, सह सचिव महावीर शर्मा, उपप्रधान दीपक नड्डा, सुशील कस्वा, हनी अरोड़ा, संगठन सचिव सुशील रहेजा, मैनेजर नरेंद्र सेठी सहित अन्य आढ़ती मौजूद थे। बैठक में प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि सिरसा मंडी में हैफेड द्वारा धान की खरीद की गई है लेकिन भुगतान में देरी की जा रही है। आढ़तियों को हैफेड द्वारा समय पर भुगतान नहीं मिलने से आढ़तियों के समक्ष आर्थिक संकट बना हुआ है। ऐसे में किसानों को भी समय पर भुगतान नहीं मिल रहा है जिस कारण किसान भी परेशान हैं। प्रधान ने कहा कि पिछले वर्ष ऐसी समस्या नहीं थी, मगर इस बार ऐसा हो रहा है। 15 दिन बाद भी हैफेड द्वारा खरीदे गए धान का भुगतान नहीं हो रहा है। प्रधान मेहता ने कहा कि इतना ही नहीं, हैफेड द्वारा आढ़तियों की दामी भी अपने पास रखी जा रही है।

मजदूरों की मजूदरी भी हैफेड समय पर नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि हैफेड द्वारा खरीद की जा रही कृषि उपज को लोडिंग करवाने हेतु साधन उपलब्ध करवाना हैफेड के ट्रांसपोर्टर की जिम्मेवारी है परन्तु इस वर्ष लोडिंग करवाने हेतु साधन समय पर उपलब्ध न करवाने की वजह से मंडी में पड़े माल में घटोती आती है। यह घटोती आढ़ती से न काट कर ट्रांसपोर्टर से काटी जाये।

---

## फतेहाबाद में डांस वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डांस वर्कशॉप का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

सिटी वेलफेयर क्लब एवं हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिवसीय निशुल्क लोक नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। फतेहाबाद में लिंजेंड कान्वेंट स्कूल में आयोजित वर्कशॉप का शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा राखी मक्कड़ व समाजसेवी भारत मोंगा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। रतिया के नन्हा बचपन स्कूल में भी यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसका शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने किया। इस अवसर पर नृत्य निर्देशक कुलदीप बाकौलिया व उनकी टीम सहायक अलीशा, लवली मेहता एवं रतिया से डांस टीचर मीनू चावला, डी आईडी कलाकार अजय कायत ने बच्चों को डांस के टिप्स सिखाएं। संस्था अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने अतिथियों का धन्यवाद किया और उन्होंने कहा कि इस नृत्य कार्यशाला में जो बच्चे डांस सीखेंगे, उन्हें 7 जनवरी अरोडवंश धर्मशाला फतेहाबाद में होने वाले लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम में भव्य मंच भी प्रदान किया जाएगा। मौके पर रतिया महिला विंग अध्यक्षा अंजू मेहता, अनिल मेहता, नीरज तनेजा, परम अरोड़ा, रसप्रीत सिंह ग्रोवर, महेंद्र मदान आदि थे।

---

**बदला मौसम** | फतेहाबाद में दूसरे दिन भी फसलों पर बिछी बर्फ की चादर, पड़ा पाला

# 23 दिसम्बर को पश्चिमी विक्षोभ के चलते बूंदाबांदी की संभावना, रात के तापमान में होगी बढ़ोतरी

**ज्यादा पाला गिरने से फसलें खराब होती हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पाला जमने के चलते किसानों द्वारा कवर की गई सब्जी की फसल।



**फतेहाबाद।** फसलों पर जमा पाला। फोटो : हरिभूमि

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते यहां का तापमान निरंतर नीचे जा रहा है। गिरते तापमान के बीच पश्चिमी हवाएं न चलने से यहां लगातार वीरवार को दूसरे दिन भी पाला जमा नजर आया। भट्टू क्षेत्र के गांवों में वीरवार अलसुबह पाले की सफेद चादर बिछी नजर आई जबकि गांवों में हल्की धुंध भी देखी गई। कृषि वैज्ञानिक इस मौसम को फसलों के लिए फायदेमंद बता रहे हैं लेकिन ज्यादा पारा गिरना फसलों के लिए नुकसानदेह है। बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार यह पाला सब्जियों के लिए घातक है। अगर ऐसे पाला पड़ता रहा तो फल व पत्तेदार सब्जियां नहीं बच पाएंगी वहीं सरसों को भी इससे नुकसान होगा। पाला जमने से फसलें खराब होती हैं तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। इस समय फतेहाबाद में 28 हजार हैक्टेयर भूमि में सरसों की बिजाई हुई है, जोकि बीते वर्ष से ज्यादा है। भट्टू क्षेत्र में सरसों की फसल ज्यादा बीजी गई है और इसी क्षेत्र में लगातार पाला जम रहा है। वहीं, अगर तापमान की बात करें तो आज भी जिले का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 20.5 डिग्री रहा। हवा का रुख उत्तर पश्चिम की तरफ से आ रहा है।

जिस कारण पहाड़ों से आ रही शीत लहरों से ठिठुरन भी बढ़ चुकी है। सुबह 8 बजे के बाद निकली धूप ने लोगों को ठंड से राहत दिलाई। बता दें कि सर्दी के मौसम में अब तक जिले में बरसात नहीं हुई है, जिसके चलते उत्तर पश्चिम हवाएं चलने के कारण सुबह के समय पाला जम रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते 22 दिसम्बर रात्रि व 23 दिसम्बर के दौरान राज्य में बादलवाई रहने और हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हो सकती है, जिससे दिन के तापमान में गिरावट आएगी जबकि रात्रि के तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके बाद मौसम खुश्क होगा।

---

### आलू चम्मच में अमन एवं मटका रेस में ममता ने बाजी मारी

**रतिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वीरवार को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रामीण महिलाओं व लड़कियों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ रतिया एसडीएम जगदीश चंद्र ने महिलाओं की मटका दौड़ प्रतियोगिता में झंडी दिखाकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता की अध्यक्षता सुपरवाइजर मिशु चिलाना द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन कर रही सुपरवाइजर हरदीप कौर ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो वर्गों में 18 से 30 और 30 से 45 वर्ष की महिलाओं ने 100 मीटर रेस, मटका रेस, आलू चम्मच रेस में भाग लिया। आलू चम्मच में अमन कुमारी, मटका रेस में ममता, 400 मीटर रेस में निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल मनोज बंसल, देवीलाल सहित अन्य मौजूद थे।

रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री



## लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

**बच्चों, लीगो** के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

## मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



**अमेरिका में** मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्कीगॉन में स्थित फ्रैंथल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

## पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



**स्पेन के** मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

## लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



**कनाडा के** पूर्वी तटीय टाउन स्टॉनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *

## ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका





**अमेरिका के** न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *

## साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री





**न्यूजीलैंड** के रोटोरुआ शहर में साइकिल से बनाया जाने वाला क्रिसमस-ट्री देखकर हर कोई दंग रह जाता है। यह ट्री लगभग 150 पुरानी साइकिलों को जोड़कर बनाया जाता है। साइकिल प्रेमी इसे विशेष रूप से पसंद करते हैं। न्यूजीलैंड की देखा-देखी चीन की राजधानी शेनयांग में भी एक शॉपिंग मॉल में एक बार 230 साइकिलों को जोड़कर 39 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के लिसमोर शहर में भी 90 पुरानी साइकिलों के पार्ट्स से क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगी सामग्री से सजाया भी गया था। *

## फ्लोटिंग क्रिसमस ट्री, ब्राजील



**ब्राजील की** राजधानी रियो डि जेनेरो में रोड्रिगो डी फ्रीटास नामक झील है। इस झील में क्रिसमस के मौके पर एक विशाल क्रिसमस-ट्री पानी के ऊपर तैरता दिखता है, जिसे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री कहते हैं। इस ट्री की ऊंचाई 280 फीट होती है। इस क्रिसमस ट्री का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इस ट्री में बहुत ही शानदार लाइटिंग की जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। फ्लोटिंग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के पीछे शानदार आतिशबाजी की जाती है। *

---

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर साल अन्वय के दादा जी सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी के बच्चों को उनके पसंद के उपहार चुपचाप बांट आते थे। इस बार जब दादा-दादी के साथ अन्वय नहीं था। वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया था तो बच्चों ने अकेले रह रहे दादा-दादी को सांता क्लॉज की तरह बहुत ही प्यारा और यादगार उपहार दिया। क्या था यह उपहार?

# सबसे प्यारा उपहार



उस दिन चिंटू, रॉबिन, माधव और रानी चारों क्रिसमस सेलिब्रेशन की प्लानिंग के लिए पार्क में इकट्ठे हुए। बात सांता क्लॉज पर होने लगी। बच्चे इस बात पर आश्चर्यचकित थे कि हर साल सांता ना जाने कैसे उनकी पसंद का उपहार रख जाता है। चिंटू अपनी आंखों की पुतलियां चारों ओर घुमाते हुए बोला, 'हमारी टीचर कहती हैं सांता क्लॉज कोई और नहीं, हम लोगों के आस-पास का कोई इंसान होता है, जो हर उस नेक इंसान के पास जाता है, जिसे मदद की जरूरत होती है। बच्चों को उसे खासतौर पर लगाव होता है, इसलिए उन्हें उपहार बांटता है।'

उसी समय बच्चों की नजर पार्क के सामने वाले घर पर पड़ी। उन्होंने देखा कि उनके फ्रेंड अन्वय के दादा-दादी बैठे हुए हैं। माधव ने कहा, 'जब अन्वय हमारे साथ था तो कितना अच्छा लगता था, लेकिन जब से वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया है, उनका घर तो सूना ही हो गया है। दादा-दादी जी कितने उदास नजर आते हैं। क्या उनके लिए भी कोई सांता क्लॉज हो सकता है? उनकी उदासी दूर कर सकता है?' माधव की बात सुनकर रॉबिन बोला, 'क्यों ना इस बार हम अन्वय के दादा-दादी जी के लिए सांता क्लॉज बनें। बच्चे भी तो सांता क्लॉज हो सकते हैं।' 'आखिर हम क्या कर सकते हैं...?' माधव ने आश्चर्य से पूछा।

'अन्वय के पापा मेरे पापा के बहुत अच्छे दोस्त हैं... कई बार उनकी आपस में बात होती है... क्यों ना हम उन्हें कहें कि वे इस बार क्रिसमस और नया साल यहीं अपने देश में मनाएं।' रॉबिन ने कहा।

यह सुनकर रानी हंसते हुए बोली, 'मेरे दादा जी कहते हैं कि जो एक बार विदेश चला जाता है, वह आसानी से अपने देश में लौटता नहीं, बहुत कम अपनों से मिलने आता है।' रानी की बात सुनकर चिंटू बोला, 'नहीं... ऐसा नहीं है।' फिर वह रॉबिन की ओर देखकर बोला, 'तुम अपने पापा से कहना कि अन्वय के पापा से बात करें कि क्रिसमस पर वह भारत आएं। फिर कल हमें बताना।' अगले दिन जब बच्चे पार्क में इकट्ठे हुए तो रॉबिन ने चहकते हुए बताया, 'कल मेरे पापा की अन्वय के पापा से बात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनका प्लान है कि वे जनवरी में मकर संक्रांति के आस-पास आएंगे, लेकिन मेरे पापा ने उन्हें क्रिसमस पर आकर दादा-दादी जी को सरप्राइज देने के लिए मना लिया है। शायद वे आज ही फ्लाइट की टिकट्स भी बुक करा लेंगे।' यह सुनकर सब बच्चे खुशी से चहक उठे। सबने प्लान कर लिया था कि इस बार भी क्रिसमस पर पार्क और सामने वाले घर को बहुत अच्छी तरह से सजाएंगे। क्रिसमस की पार्टी यहीं होगी।

जब क्रिसमस में कुछ ही दिन बचे थे तो बच्चों ने दादा-दादी जी के पास जाकर कहा, 'हम लोग क्रिसमस के लिए पार्क को सजा रहे हैं। हम चाहते हैं आपका घर भी सजाएं, अच्छा लगेगा।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोल, 'ठीक है बच्चों...!'

बच्चे चाहते थे कि दादा-दादी जी को सरप्राइज मिले। अपने बेटे-बहू और पोते को देखने के बाद उनके चेहरे की खुशी से खिल उठेंगे। बच्चे रोज दादा-दादी के घर की थोड़ी-थोड़ी सजावट कर रहे थे। एक शाम दादी जी ने दादा जी से कहा, 'हर साल तो आपको अन्वय, अपनी और दोस्तों की ख्वाहिश बता देता था। आप हर रात सांता बनकर बच्चों का मनपसंद उपहार उनके घर के बाहर रख आते थे। इस बार अन्वय हमारे साथ नहीं है, अब आप बच्चों की इच्छा कैसे जानेंगे?'

दादा जी कुछ सोचते हुए बोले, 'बात तो तुम्हारी सही है, सोच रहा हूं कि सब बच्चों के लिए कोई ना कोई आउटडोर गेम ले आऊं।' यह कहकर दादाजी बाजार चले गए। क्रिसमस वाले दिन बच्चों ने पार्क में बहुत अच्छा सेलिब्रेशन किया। दादा-दादीजी भी बच्चों को खुश देखकर कुछ पल के लिए अपनी उदासी भूल गए थे। पार्टी के बाद सब बच्चे अपने घरों को लौट गए। कुछ देर बाद दादा जी सांता का रूप लेकर बच्चों के उपहार उनके दरवाजे के बाहर रखने के लिए अपने घर से बाहर निकले ही थे कि सामने सांता के वेश में पोते अन्वय को देखकर वह चौंके। बेटे-बहू और पोते अन्वय के साथ कॉलोनी के सारे बच्चे भी थे। दादा-दादी जी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सब बच्चों को उपहार दिए, लेकिन क्रिसमस का सबसे प्यारा उपहार तो दादा-दादी जी को मिला था। उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई, जब अन्वय ने बताया कि वह और मम्मी-पापा अब हमेशा दादा-दादी जी के साथ भारत में ही रहेंगे। इस बार का क्रिसमस सचमुच सबके लिए यादगार बन गया था। *

---

छोटी कहानी / विनीता

# हैप्पी क्रिसमस



सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाली ऐनी बहुत ही खुशमिजाज लड़की है। पड़ोस में रहने वाले सभी लोग उसे बहुत प्यार करते हैं। किसी शाम वह खेलने के लिए पार्क में नहीं आती तो उसे ढूंढ़ते हुए सारे दोस्त उसके घर पहुंच जाते। दो दिनों के बाद ही क्रिसमस है, ना तो अभी तक कोई तैयारी शुरू हुई है और ना ही वह खेलने के लिए पार्क में आई। इसीलिए सारे दोस्त ऐनी का हाल जानने के लिए उसके घर चले गए। दरवाजे पर ही ऐनी की मम्मी मिल गईं। रीमा ने उन्हें नमस्ते करते हुए पूछा, 'आंटी ऐनी की तबीयत तो ठीक है न? वह दो दिनों से खेलने नहीं आ रही।' 'बीमार तो नहीं, लेकिन बहुत सुस्त रहने लगी है आजकल। आज सजावट के लिए उसे साथ लेकर शॉपिंग पर जाना है, लेकिन वह जाने से मना कर रही है। हर साल अब तक मेरे साथ मिलकर वह पूरे घर की डेकोरेशन कंप्लीट करवा देती थी, लेकिन इस बार अभी तक हमारी तैयारी शुरू भी नहीं हुई।'

मम्मी ने चिंतित स्वर में कहा। बच्चे तुरंत ऐनी के कमरे में पहुंचे। वह अकेले गुमसुम सी बैठी थी। बहुत पूछने पर वह बोली, 'हमारे घर पर सफाई के लिए जो सुनीता आंटी आती हैं, उनकी बेटी मीनू के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। हर साल क्रिसमस पर वह भी मेरे साथ होती थी, लेकिन इस बार वह बहुत तकलीफ में है। आंटी बता रही थीं कि उसके पैर का ऑपरेशन करवाना होगा, जिसमें काफी खर्च होगा। उनके घर में पैसों की बहुत तंगी है। आंटी हमारे लिए फैमिली मेंबर की तरह हैं, जब हमारा कोई अपना उदास हो तो ऐसे में उसे छोड़कर हम अकेले फेस्टिवल कैसे सेलिब्रेट कर सकते हैं?' कहते हुए ऐनी की आंखें भर आईं।

'हां, सचमुच यह तो बड़े दुख की बात है। हमें सुनीता आंटी की मदद करनी चाहिए।' रोहन बोला। ऐनी भी बोली, 'हां, मैं भी यही सोच रही थी किस तरह उनकी मदद करूं। मम्मी मुझे जो पॉकेटमनी देती हैं, उसे मैं अपनी पिगीबैंक में संभाल कर रखती हूं। उन पैसों से मीनू के लिए कुछ अच्छा-सा गिफ्ट खरीद लेती हूं। मम्मी से कहूंगी कि इस बार मुझे क्रिसमस गिफ्ट दिलाने के बजाए वे मीनू के इलाज के लिए सुनीता आंटी को कुछ पैसे दे दें।' 'मैं भी अपने पापा से बात करता हूं, वह हड्डियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। वह खुद मीनू का ट्रीटमेंट करेंगे, तो फीस के पैसे भी नहीं लगेंगे।' रोहन ने कहा। 'अपनी पॉकेटमनी मीनू को देने के लिए तैयार हूं, मैं और मैं भी...।' सभी बच्चों ने एक स्वर में ऐनी की बातों का समर्थन किया। तभी ऐनी की मम्मी भी कमरे में आ गईं। वह बोलीं, 'यह तो बहुत अच्छा आइडिया है। क्यों ना, इस बार हम मीनू की मदद करके उसके साथ अपनी खुशियां बांटते हुए यह त्योहार मनाएं, तभी तो हम सभी के लिए इस बार 25 दिसंबर वाकई हैप्पी क्रिसमस बन जाएगा।' इस बात पर सभी बच्चे मिलकर क्लैपिंग करने लगे। वे बहुत ही खुश थे। *

---



कविता / प्रकाश मनु

# क्रिसमस की ये शाम

हंसता झिलमिल क्रिसमस ट्री ये,
हंसती-गाती शाम,
याद रहेगा क्रिसमस मुझको
याद रहेगी शाम।
दीदी के संग खूब सजाया
क्रिसमस ट्री यह मैंने,
इसकी झलर-मलर तो देखो
सपनों के ये डैने।

काश, इसी में जादू वाले
भर दूं मन के रंग,
देखें दोस्त चकित होकर के
नया-नया यह ढंग।
पापा खुश हैं, मम्मी खुश हैं
खुशियों वाली शाम,
आज मनाएंगे हम क्रिसमस
छोड़ो सारे काम!

कहते हैं, जो भोले बच्चे
मन के होते सच्चे,
मिलते हैं उपहार उन्हीं को
सचमुच अच्छे-अच्छे।
सोच रहा हूं, कब आएगा
बूढ़ा सांता क्लॉज
क्या जाने अपने हाथों से
पहना दे वह ताज!
बनकर राजा बेटा नाचूं
देखें लोग तमाम,
याद रहेगा क्रिसमस सबको
और मेरा ही नाम!

---

## रंग भरो-140

**रंग भरो-140** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रायपुर



रेयांश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



सौम्या, दुर्ग



प्रेहन, कोरबा



निरीक्षा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, प्रियंका-दिल्ली, दिनेश-भोपाल, लोकिता-नया रायपुर, समृद्धि-शहडोल, सुयश-बिलासपुर, उमेश-महेंद्रगढ़, पायल-रोहतक, अंकिता-जबलपुर, कपिल-दिल्ली, मुकेश-राजनांदगांव, हितेश-जबलपुर, रमेश-रायपुर, यश-दिल्ली

## रंग भरो 141

बच्चों, यहां पर क्रिसमस से जुड़ा एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें सांता क्लॉज दो बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-संपादक फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129 ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग,पश्चिमि दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर भेजो।



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर क्रिसमस के गिफ्ट्स लिए चार बच्चों के चित्र और नीचे उनकी परछाई दी गई हैं। तुम्हें बच्चों के चित्रों की सही परछाई को पहचानकर इनका मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ. सुरेश मित्रा सम्मानित

**सिरसा।** होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में पिछले 50 सालों से भी लंबे अनुभव के साथ काम करने वाले सिरसा निवासी चिकित्सक डॉ. सुरेश मित्रा को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित होटल हयात में होम्यापैथी चिकित्सा पद्धति पर आधारित सेमिनार आयोजित किया गया।

### दीपांशी ने तलवारबाजी गेम्स में जीता गोल्ड

**सिरसा।** गुजरात के मेहसाना में चले रहे तलवारबाजी नेशनल गेम्स में किसान नेता संदीप सिंवर शेरपुरा की भांजी दीपांशी ने गोल्ड जीतकर जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। संदीप सिंवर शेरपुरा ने बताया कि दीपांशी का ये पहला ही नेशनल गेम्स था, जिसमें गोल्ड मेडल हासिल करके 2023 में कुल 4 गोल्ड मैडल हासिल कर अपने परिवार के साथ-साथ पूरे हरियाणा का नाम रोशन करने का काम किया है।

### आज होगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आगाज 22 दिसंबर को हवन यज्ञ व मंत्रोच्चारण के साथ होगा तथा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं को लेकर लगाई गई प्रदर्शनियां व स्कूली बच्चों व लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होगी।

### श्रीमद्भागवत गीता जीवन जीने को करता है प्रेरित

**फतेहाबाद।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिलावासियों से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है। हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन द्वारा 22 व 23 दिसंबर को स्थानीय पंचायत भवन प्रांगण में जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीमदभगवत गीता कला है, विज्ञान है तथा बेहतर जीवन यापन करने के बारे में प्रेरित करती है। 22 दिसंबर को हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला मुख्यातिथि होंगे । अध्यक्षता रतिया के विधायक लक्ष्मण सिंह नापा करेंगे।



### सरकार ने आढ़तियों के साथ की ज्यादती

**सिरसा।** व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सब्जी व फल के आढ़ती व अन्य व्यापारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि व्यापारी की समस्या पर विचार करने के लिए 28 दिसंबर को व्यापार मंडल के प्रदेश प्रतिनिधियों की बैठक रखी गई है। जिसमें समस्याओं पर चर्चा होगी।

## गांव बड़ोपल व आसपास के ग्रामीणों ने डीसी से मिलकर सौंपा ज्ञापन

# केन्द्रीय विद्यालय के लिए जमीन का कब्जा न देने पर ग्रामीणों में आक्रोश

केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए 8 एकड भूमि ग्राम पंचायत की ओर से दी गई है लेकिन स्कूल का कब्जा नहीं है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद के गांव बड़ोपल में बनने वाले जिले के एकमात्र केंद्रीय विद्यालय की जमीन का कब्जा न दिए जाने से खफा सैकड़ों लोग वीरवार को डीसी से मिले। ग्रामीणों ने डीसी को ज्ञापन देकर बताया कि पंचायत ने केन्द्रीय विद्यालय के लिए जमीन दे रखी है लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा इस जमीन को स्कूल को नहीं सौंपा जा रहा। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ सत्ताधारी नेता चाहते हैं कि केन्द्रीय विद्यालय यहां न बनकर उनके चहेते गांव में बनाया जाए। उन्होंने आशंका जताई कि मार्च तक अगर सभी कार्यवाही पूरी नहीं हुई तो बड़ोपल में केन्द्रीय विद्यालय बनने का मामला खटाई में पड़ सकता है।

वीरवार को गांव बड़ोपल के पूर्व सरपंच जोगिंदर पूनिया के नेतृत्व में गांव बड़ोपल सहित आसपास के दर्जनभर गांवों के सैंकड़ों लोगों ने डीसी से मिलकर स्कूल की जमीन का कब्जा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए 8 एकड भूमि ग्राम पंचायत की ओर से दी गई है लेकिन बीडीपीओ कार्यालय की ओर से इस जमीन का कब्जा स्कूल प्रशासन को नहीं दिलवाया जा रहा। ग्रामीणों को इस बात की भी आशंका है कि कुछ स्थानीय नेताओं की दखलंदाजी के कारण स्कूल बंद हो सकता है या फिर यहां से शिफ्ट हो सकता है। उन्होंने डीसी से जमीन को स्कूल के नाम करने की मांग की।



**फतेहाबाद।** डीसी से मिलने पहुंचे गांव बड़ोपल के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### क्या कहते हैं डीसी

इस मामले में डीसी अजय तोमर ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय को जो जमीन दी गई है, उसका कब्जा दिलाने के लिए एसडीएम के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश भी दिये जा चुके हैं। इस सम्बन्ध में अगर कार्रवाई में कोई ढिलाई है तो एसडीएम से इस बारे में रिपोर्ट ली जाएगी और जल्द ही जमीन का कब्जा स्कूल को दिलाया जाएगा।

#### क्या कहते हैं एसडीएम

एसडीएम राजेश कुमार ने कहा है कि एसडीएम कार्यालय की ओर से बीडीपीओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ जाकर स्कूल की जमीन को कब्जा दिलाने के आदेश दिये गए हैं। 10 दिन पहले ये आदेश दिए गए लेकिन अगर स्कूल को कब्जा नहीं मिला है तो इस संबंध में बीडीपीओ से तुंरत रिपोर्ट ली जाएगी। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि 2 दिन में केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रशासन को जमीन का कब्जा दिलाया जाएगा और अगर इसमें बीडीपीओ कोई लापरवाही बरतते हैं तो उनके खिलाफ एक्शन लेकर रिपोर्ट डीसी को भेजी जाएगी। डीसी और एसडीएम के आश्वासन पर ग्रामीणों ने सन्तुष्टि जताई और साथ ही कहा कि यदि 2 दिन में कब्जा स्कूल प्रशासन को नहीं दिलाया गया तो आगामी रणनीति के लिए बैठक करके स्कूल में पढ़ने वाले अभिभावकों, बच्चों के साथ ग्रामीण आंदोलन करेंगे।

## उपराष्ट्रपति के गरिमामयी पद का उपहास उड़ाना निंदनीयः अजय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने देश की संसद में उपराष्ट्रपति के गरिमामयी पद पर बैठे जगदीप धनखड़ का उपहास उड़ाने के मामले की कड़ी निंदा करते हुए संबंधित सांसद से माफी मांगने की मांग की है। अजय चौटाला वीरवार को चौटाला हाउस में मीडिया कर्मियों से रूबरू हो रहे थे।

चौटाला ने कहा कि जो लोग संवैधानिक गरिमामयी पदों पर बैठकर उपहास का काम करते हैं, देश की जनता उनसे क्या अपेक्षा करेगी? उन्होंने कहा कि ऐसे आचरण वाले सांसदों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने हरियाणा विधानसभा के संपन्न हुए सत्र पर कहा कि आज विपक्ष के पास कुछ मुद्दे नहीं हैं। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व पूर्व शिक्षामंत्री गीता भुक्कल के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल के बीच हुई तकरार पर उन्होंने कहा कि पहले सीटिंग जज की बजाए विधानसभा की कमेटी से जांच की मांग गई। जब उस मांग को पूरा करते हुए विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने इस मामले की जांच को लेकर विस कमेटी गठित कर दी है, उस पर भी अब कांग्रेस द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा व पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल के बयानों में भिन्नता दर्शाता है कि कांग्रेस में एकरूपता नहीं है। उन्होंने कहा कि जेजेपी छोटा क्षेत्रीय दल है मगर अपने दृढ़संकल्प व लोकहित के अपने प्रमुख लक्ष्यों व उद्देश्यों को सार्थक करते हुए आमजन के हितों से जुड़े अनेक कार्य करवाए हैं जिससे हरियाणा की जनता लाभान्वित हो रही है।

एक सवाल के जवाब में डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि भाजपा और जेजेपी के गठबंधन को तोडने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह पिछले लंबे समय से जोर लगाए हुए हैं मगर सफल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि ये समझ से परे है कि वे किस हैसियत से गठबंधन पर सवाल पूछ रहे हैं? उन्होंने कहा कि ये गठबंधन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के बीच हुआ है और वे ही इसका फैसला करेंगे।



**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. अजय चौटाला।

#### किसान हितैषी है सरकार

इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला पर पूछे गए सवालों पर अजय सिंह चौटाला ने कहा कि अभय सिंह यह कहते आ रहे हैं कि उनके पास ऐसे महत्वपूर्ण सबूत हैं जिससे जेजेपी पर गंभीर संकट आ सकता है तो वे बताएं। साढ़े चार साल बीतने के बावजूद वे अभी तक इस मामले को उजागर नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की जनाक्रोश रैली पर जेजेपी नेता ने कहा कि ये उनका आंतरिक मामला है लेकिन जहां तक किसानों की मांग की बात है तो किसान संगठन ही केंद्र के समक्ष अपनी मांगें उठाएं जबकि कांग्रेस पार्टी इसमें राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। डॉ. चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार किसान हितैषी है और किसानों की फसलों का भुगतान समय पर उनके खाते में किया जा रहा है ।

## गंदगी वाले इलाके में नहीं आते मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर समाजसेवी गुरलाल सिंह का चल रहा धरना 18वें दिन भी जारी रहा। गुरलाल सिंह ने शहर में आए नगर निकाय मंत्री के दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी मंत्री को भी वही क्षेत्र दिखाते हैं, जिन स्थानों की सफाई की गई है, जबकि जिन इलाकों में गंदगी की भरमार है, उन क्षेत्रों का भ्रमण नहीं करवाया जाता। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से शहर को साफ सुथरा करने के लिए भले ही लाखों रुपए दिए जा रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की कारगुजारी के कारण सरकार की नीतियों पर सवाल उठना लाजिमी है। गुरलाल सिंह ने कहा कि शहर के गौशाला रोड, नोहरिया बाजार सहित कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां सफाई का बुरा हाल है। लोगों को अधिकारियों की लापरवाही के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने वैक्यूम मशीन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी इस मशीन के नाम पर लाखों रुपए के फर्जी बिल बनाकर अपनी जेबें गर्म कर रहे हैं, जबकि सफाई के नाम पर काम शून्य है। उन्होंने मंत्री से भी आह्वान किया कि वे प्रशासन व अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाए जा रहे क्षेत्रों का एक बार भ्रमण जरूर करें, ताकि सच्चाई सामने आ सके।



**सिरसा।** लघुसचिवालय में धरना देते गुरालाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस की गाड़ी को ही घेरा, वर्दी देख भागे

**सिरसा।** बंदूक की नोक पर गाड़ी लूटने का प्रयास कर रहे आधा दर्जन लोगों ने पुलिस पार्टी पर ही हाथ डाल लिया। अंधेरे में पुलिस पार्टी को ललकारा और सारा सामान निकालने की धमकी देते हुए पिस्तौल तान दिया। गाड़ी में खाकी वर्दी दिखी तो हमलावरों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने सभी को दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ थाना कालांवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली कि जंगीर सिंह कॉलोनी के निकट कुछ हथियारबंद लोग आने-जाने वालों को लूटने की फिराक में है। पुलिस की गाड़ी को आता देखकर एक युवक ने टार्च की रोशनी से रूकने का इशारा किया। जैसे ही गाड़ी रूकी, चार युवकों ने गाड़ी को घेर लिया।

## एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल।

टोहाना विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने जाखल में राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बनाये हुए पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सुविधाओं में इजाफा करने के निर्देश दिये। एसडीएम ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कायारे्ं की चेकिंग भी की। उन्होंने चेकिंग के दौरान मतदान केंद्रों के आधारभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम भी करें। लोगों को अभी से प्रेरित करें कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वे अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। चेकिंग के दौरान बीएलओ द्वारा किए जा रहे कायारे्ं का भौतिक सत्यापन, बूथों का निरीक्षण एंव आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बूथों पर पीने के पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था करने के आदेश दिये। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान बूथों पर दिव्यांगजनों हेतु रेम्प निर्माण कराने के निर्देश दिए।



**जाखल।** जाखल क्षेत्र में पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लेते सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा। फोटो : हरिभूमि



**फतेहाबाद।** विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका स्वामी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए प्राचार्य सांवर मल।

### केंद्रीय विद्यालय बड़ोपल की शिक्षक को मिला गोल्ड कैटेगरी अवार्ड, प्राचार्य ने किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल में स्थित केन्द्रीय विद्यालय को सत्र 2022-23 में कक्षा दसवीं, विषय संस्कृत की बोर्ड परीक्षा हेतु संपूर्ण देश में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए गुरुग्राम संभाग की ओर से गोल्ड कैटेगरी अवार्ड दिया गया है। केंद्रीय विद्यालय, बड़ोपल की संस्कृत विषय की शिक्षिका प्रियंका स्वामी ने सत्र 2022-23 में कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्रदान किया तथा स्वर्ण प्रमाण पत्र प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य सांवर मल द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्रदान करने वाले शिक्षकों को स्वर्ण तथा रजत प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है।

## गैर कानूनी धंधा करने वालों की खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने अपराध एवं अपराधियों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए जिला के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी नशा तथा अन्य गैरकानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाए तथा आमजन का सहयोग लेकर अपराध एवं अपराधियों के साथ सख्ती से निपटे। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियो को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करें तथा विभिन्न मामले में वांछित आरोपियों की धर पकड़ तेज करें। एसपी ने बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारियो से कहा कि ठंड व धुंध का समय देखते हुए वाहन चालकों को विशेष सावधानी और सतर्कता बरतने की हिदायत दें ताकि किसी सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए। एसपी ने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें तथा अपने-अपने इलाके में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बनाए रखें ।

एसपी ने कहा कि नशा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में ग्राम प्रहरियों और सुरक्षा सहायकों की मदद लेकर तस्करों पर शिकंजा कसे तथा नशे जैसी समाजिक बुराई को मिटाने के लिए लोगों का सहयोग लें और उन्हें नशे के खिलाफ अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।



**सिरसा।** पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते एसपी विक्रांत भूषण।

## 24 दिसंबर को रोडवेज कर्मचारी करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा की यूनियन कार्यालय में प्रधान रिछपाल सिंह संधू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधान रिछपाल संधू ने बताया कि सरकार द्वारा सांझा मोर्चा को 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून व 13 दिसंबर को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया। मोर्चा द्वारा कर्मचारियों की मांगों के समाधान बारे तक व प्रमाण दिए गए। सरकार द्वारा सांझा मोर्चा के तर्कों को सही मानते हुए मांगों को लागू करने के संबंध में पत्र जल्द जारी करने का आश्वासन दिया था लेकिन मांगों को लागू न कर विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इसी वायदाखिलाफी के विरोध में 24 दिसंबर को करनाल में सीएम आवास घेराव का निर्णय लिया गया है। मौके पर लादूराम, शेर सिंह, आत्माराम, केवल सिंह, विजय सिंह आदि थे।

#### ये है कर्मचारियों की मुख्य मांगें

अवकाश कटौति पत्र वापस लिया जाए। परिचालक की वेतन विसंगति दूर की जाए। 2002 से चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का किया जाए व पुरानी पेंशन नीति में शामिल किया जाए। 2016 में लगे चालकों व 52 दादरी के हैल्परों को पक्का करने की पॉलिसी बनाएं। चालक-परिचालक के 8 घंटे की ड्यूटी की जाए, ड्यूटी से अधिक ओवरटाइम दिया जाए, चालकों की अड्डा इंचार्ज के पद पर पदोन्नति की जाए।

## छह वर्ष से कम उम्र बच्चों के लिए खुलेंगे प्ले स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में 6 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के सवांगीण विकास के लिए प्रदेशभर में 4 हजार प्ले स्कूल खोले जाएंगे। प्ले स्कूलों का उद्देश्य बच्चों के सवांगीण विकास और उनकी सीखने व समझने की क्षमता को बढ़ावा देना है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. दर्शना सिंह ने बताया कि प्ले स्कूलों का संचालन प्रारंभिक बचपन, देखभाल और शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नोति 2013 के अन्तर्गत किया जा रहा है। इस संबंध में यह देखते हुए कि 'यादातर प्ले स्कूल गांवों में स्थित है ताकि बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करने के लिए गांव स्तर पर बढ़ावा मिल सके।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को विभिन्न बिंदूओं पर फोकस करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्लेस्कूलों के लिए पर्याप्त कमरें का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है, जिसमें कम से कम 1 कक्षा-कक्ष, 1 खेल का मैदान, 1 अलग रसोई घर और 1 बच्चों के अनुकूल शौचालय के लिए स्थान, नियमित बिजली की आपूर्ति, पंखे, बच्चों के लिए छाटे मेज और कुर्सियां, पीने के पानी के लिए वाटर पुरिफिएर की सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता है।

## डाटा सत्यापन को लेकर लगेंगें कैंप

**फतेहाबाद।** नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा परिवार पहचान पत्र में डाटा सत्यापन को लेकर जिला में 22 से 25 दिसंबर तक समस्त गांवों के स्कूलों व ग्राम सचिवालय तथा वाडारे्ं में पीपीपी कैंप लगाए जाएंगे। कैंप के दौरान डीओबी वेरिफिकेशन, मोबाइल नंबर दर्ज व डुप्लीकेट मोबाइल नंबर को अपडेट, स्पाउस नेम, पीपीपी पर हस्ताक्षर, असत्यापित वैवाहिक स्थिति, सिंगल व्यक्ति सहित पीपीपी में दूसरी किसी प्रकार की कमी को पूर्ण किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने कहा कि सभी वार्ड, गांव व स्कूल में प्रयोग होने वाले सभी उपकरणों कंप्यूटर, प्रिंटर, बिजली व बैठने की व्यवस्था इत्यादि का उचित प्रबंध करें।

## मंत्री ने 6 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया उद्घाटन

# पंचायतों के अधिकार बढ़ा कर किया सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा है कि प्रदेश में पंचायतों को ज्यादा अधिकार देकर सशक्त बनाया गया है। गांवों में छोटे और तुरंत कराने वाले काम के लिए ई-टेंडर प्रणाली से छूट दी गई है। ग्राम पंचायतें अब अपनी ग्राम पंचायत की आमदनी में से पचास प्रतिशत हिस्सा 5 लाख से कम लागत के काम को बिना ई-टेंडर से कोटेशन आधार पर करवा सकती है। उन्होंने कहा कि इससे ग्राम में पारदर्शिता भी बनी रहेगी और तुरंत कराये जाने वालों कामों में तेजी आएगी। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली वीरवार को गांव नरेल, उदयपुर, जाखल, तलवाडा, साधनवास, सिधानी, मुंदलिया, म्योंद खुर्द, म्योंद कलां, भुरथली ढाणी, लेहरादेह, शक्करपुरा, मूसाखेड़ा, रूपावालीं, दीवाना और ढेर में 6 करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के बाद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।



**जाखल।** विभिन्न गांवों में विकास कायारे्ं का उद्घाटन करते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

#### सोशल ऑडिट कमेटी बनाई

पंचायत मंत्री बबली ने कहा कि ग्रामीण विकास के कार्यों को गति देने व समयबद्ध तरीके से कराने के उद्धेश्य से सोशल ऑडिट कमेटी बनाई गई है। इसके अलावा निगरानी कमेटी बनाई गई है जो विकास कायारे्ं में गुणवत्ता का ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि इन समितियों के गठन से ग्रामीण विकास कायारे्ं में पारदर्शिता बढ़ी है। पंचायत मंत्री ने कहा कि कुछ ग्राम पंचायतों और अन्य जनप्रतिनिधियों का सुझाव आया था कि कुछ कार्य तुरंत कराने वाले होते है और उनमें लागत भी कम होती है तो उनके सुझाव पर सरकार ने फैसला लिया कि पंचायतें अपनी आमदनी में से पचास प्रतिशत हिस्सा पांच लाख से कम के लागत के कुटेशन आधार पर करवा सकेगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गांवों में भी शहरों जैसी सुविधायें हो, उसके लिए विभाग में नौ सूत्री कार्यक्रम तैयार किए है।

## खबर संक्षेप

### फूलकां में लगा महिला जागृति कैंप

**सिरसा।** जिला के गांव फूलकां में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा महिला जागृति कैंप उपनिदेशक डा. विद्यासागर बंसल व उपमंडल अधिकारी डा. राकेश निंबरिया के मार्गदर्शन में लगाया गया। कैंप में पशु चिकित्सक (सिकंदरपुर) डा. जगमिंदर सिंह गिल ने सर्दी के मौसम पशुओं के रखरखाव की विस्तार से जानकारी दी। पशुओं को समय-समय पर कृमिरहित रहित दवाएं देने के लिए भी बताया।

### अक्षत वितरण को लेकर मीटिंग 24 दिसंबर को

**सिरसा।** शहर के लक्ष्मण बस्ती में अक्षत वितरण को लेकर एक आवश्यक बैठक आगामी 24 दिसंबर को मुल्तानी कॉलोनी शिव मंदिर में सांय 3 बजे आयोजित की जाएगी। नगर संयोजक नत्थुराम, बतीप्रमुख अंजनी गोयल व सहप्रमुख जनकराज शेरपुरा वाले ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बैठक में जो भी राम की सेवा कर पुण्य कमाना चाहते हैं, वे सभी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान मंदिर में भजन कीर्तन भी किया जाएगा।

### हेरोइन सहित कार सवार तीन युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान बाल्मीकि चौक सिरसा क्षेत्र से कार सवार तीन युवकों को 10 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सेल प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए तीनों युवकों की पहचान जगरूप सिंह उर्फ रूप सिंह पुत्र समंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह पुत्र वजीर सिंह व गुरसेवक सिंह उर्फ सेवक सिंह पुत्र दिलावर सिंह निवासी गांव कुत्ताबढ जिला सिरसा के रुप में हुई है।

### अग्निकांड स्मारक स्थल को राजकीय स्थल बनाएं

**डबवाली।** डबवाली के विधायक अमित सिहाग द्वारा भेजे गए प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता से मुलाकात कर अग्निकांड स्मारक स्थल को राजकीय स्मारक घोषित करने सहित विभिन्न मांगे उनके समक्ष रखी। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने निकाय मंत्री को बताया कि डबवाली अग्निकांड स्थल को राजकीय स्मारक घोषित करवाने के लिए विधायक अमित सिहाग प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विधायक ने विधानसभा में इसके संदर्भ में आवाज बुलंद की थी उस समय सरकार द्वारा कहा गया था कि इसका प्रस्ताव स्थानीय नगर परिषद द्वारा भिजवाया जाए।

### सालासर भंडारा स्थल पर शेड निर्माण जारी

**ओढां।** श्री अखंड 'योति संकट मोचन हनुमान मंदिर ओढ़ा में सालासर भंडारा स्थल गोगासर (राजस्थान) में स्थापित लंगर हाल के लिए शेड का निर्माण कार्य जोरों पर जारी है। श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट के प्रवक्ता रामप्रताप गोदारा ने बताया कि आज से 5 वर्ष पूर्व गांववासियों के सहयोग से राजस्थान में गांव गोगासर के साथ भंडारा लगाने हेतु भूमि खरीद कर वहां पर एक स्टोर, रसोई, बाथरूम, पानी की डिग्गी व चारदिवारी का निर्माण कर दिया गया है। जिससे श्रद्धालुओं को लाभ होगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला परिषद प्रधान ने की शिरकत

# जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ

ढाणी बिंजा लांबा व अयाल्की में कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर योजनाओं का प्रचार किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला परिषद की प्रधान सुमन खिचड़ ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांवों में आ रहे रथ सामान्य नहीं हैं, बल्कि यह एक तरह से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओजस्वी नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब परिवारों एवं जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वे गांव ढाणी बिंजा लांबा व अयाल्की में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी।

### पात्रों का फायदा होगा

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनका जागरूकता के अभाव में पात्र लोग लाभ नहीं उठा पाते। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें और जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।


**फतेहाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करती जिला परिषद की प्रधान सुमन खिचड़।

### प्रदर्शनी लगाई गई

कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि जिप प्रधान सुमन खिचड़ ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब लोगों के लिए बीमार होने की स्थिति में वरदान साबित होती है। कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई और कहा कि हमें 2047 तक देश को पूर्णरूप से विकसित करने में अपना योगदान देना है तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाना है। इस अवसर सरपंच रामनिवास पूनिया, पूर्व सरपंच बलजीत सिंह, राम कुमार ढाका, हरीसिंह पूनिया, दीपक पूनिया, मुख्तयार सिंह, सतबीर सिंह, अमर सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वीरवार को जिला के गांव लंबी, मटदादू, खाई शेरगुढ, कर्मगढ, रत्ताखेड़ा, हुमायुखेड़ा, फूलकां व कंगनपुर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव लंबी व मटदादू में युवा भाजपा नेता अभिषेक देवीलाल, गांव खाई शेरगुढ व कर्मगढ में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, गांव रत्ताखेड़ा में सरपंच सुखविंद्र व गांव हुमायुखेड़ा में नितिशा राकेश सिहाग, गांव फूलकां व कंगनपुर में युवा भाजपा नेता अमन चोपड़ा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस मौके पर जिला संयोजक अमीर चंद मेहता, नरेश कटारिया, राजीव वधवा, कृष्ण डोडा ,रविंद डोडा, बगिचा सिंह, मंडल महामंत्री अबूबशहर डा. विनोद, मंडल अध्यक्ष अबूबशहर अमरजोत सिंह डिंपी, सरपंच राजपुरा माजरा देशराज, कृष्ण चौहान, राहुल आर्य, डा. पृथ्वी, बीडीपीओ सुशील बाजवा, हरदीप सिंह, मनप्रीत कौर, बयंत सिंह, कृष्ण चंद्व डोडा, मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह बसतरा, पवन गोयल, सरपंच खाई शेरगढ राहुल गोदारा, ओम प्रकाश नंबरदार भी मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई हेल्प डेस्क पर लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। इस यात्रा का उद्देश्य ही लोगों की बीच जाकर उनकी शिकायतों का समाधान करना है।


**सिरसा।** जनसंवाद कार्यक्रमों में समस्याओं का समाधान करते कर्मचारी।

## बुजुर्गों ने रुणेचा धाम के दर्शन कर माथा टेका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वेद फुलां की अगुवाई में जिले के बुजुगार्ं का तीर्थ दर्शन का सिलसिला जारी है। धन्ना भगत सेवा ट्रस्ट के बैनर तले चौथी मेरे बुजुर्ग-मेरे इष्ट देवता तीर्थ दर्शन यात्रा बुधवार को रवाना होने के बाद रुणेचा धाम, डालीबाई मंदिर, वीर तेजा जी और नागौर गौशाला पहुंची और माथा टेका। इस बार की यात्रा में गांव बोदीवाली और ढाबीकलां के बुजुगार्ं को तीर्थ यात्रा के लिए लेकर जाया गया है। इन यात्राओं के माध्यम से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वेद फुलां उन बुजुगार्ं को तीर्थ यात्रा में प्राथमिकता दे रहे हैं जो किसी कारणवश अभी तक अपने इष्टदेवों के दर्शन नहीं कर सके हैं। कैथल जिला प्रभारी वेद फुलां ने बताया कि विशेष डीलक्स बस में बैठकर बोदीवाली और ढाबी कलां गांवों के बुजुर्ग तीर्थयात्रिओं ने रामदेवरा मंदिर रूणेचा धाम, डाली बाई मंदिर और वीर तेजा जी के मंदिर और नागौर गोशाला के दर्शन किए। इसके अलावा इसी डीलक्स बस के माध्यम से ये तीर्थ यात्री सालासर धाम और दो जांटी धाम के भी दर्शन करेंगे। इस तीर्थ यात्रा के आयोजक वेद फुलां ने बताया कि तीर्थ यात्रा के दौरान बुजुगार्ं की देखभाल के लिए धन्ना भगत सेवा ट्रस्ट के सेवादार मौजूद रहे।

## फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण करवाएगी अग्रवाल सभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शहर के प्रमुख फव्वारा चौक के सौंदर्यकरण के लिए अग्रवाल सभा आगे आई है। इस चौक को अग्रसैन चौक के नाम भी जाना जाता है। ऐसे में अग्रवाल सभा ने इस चौक के सौंदर्यकरण करने का बीड़ा उठाया है। फव्वारा चौक के सौंदर्यकरण पर जो भी पैसा लगेगा, वह सभा द्वारा खर्च किया जाएगा और सभा ही इसका रखरखाव करेगी। इससे चौक के सौंदर्यकरण पर नगरपरिषद द्वारा खर्च किए जाने वाले 50 लाख रुपये भी बचेंगे। इसको लेकर सिटी वेलफेयर संस्था के प्रधान विनोद अरोड़ा ने सभा का आभार जताया है। विनोद अरोड़ा ने कहा कि सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से शहर के चौक-चौराहों व पाकार्ं को गोद लेने की अपील की गई थी, इसके बाद शहर की बहुत सी संस्थाओं ने शहर के विभिन्न पार्क व चौराहे गोद लिए, उनका रखरखाव आज वह संस्थाएं कर रही हैं। इसी कड़ी में 2 वषार्ं से फव्वारा चौक को संस्थाओं द्वारा सुधारने की वह मांग उठाई जा रही है। विनोद अरोड़ा ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा अन्य संस्थाओं को साथ लेकर शहर के डिवाइडरों पर 2500 के करीब पौधे लगाए गए है, जिनका रखरखाव बीएंडआर कर रहा है।

### पशुओं को बेहसहारा छोड़ने पर प्रतिबंध, धारा 144 लागू

**सिरसा।** जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत ये आदेश जारी किए है कि कोई भी व्यक्ति अपने पशुओं को बेसहारा नहीं छोड़ सकता। आदेशों में कहा गया है कि सर्दी की तु में कोहरा व धुंध छाई रहती है व कई लोगों द्वारा अपने पशुओं को बेसहारा छोड़ दिया जाता है जिस कारण पशु सड़कों पर इधर-उधर घुमते रहते है। धुंध में दिखाई न देने के कारण सड़कों पर वाहनों से टकराने पर दुर्घटनाओं का कारण बनते है जिससे जान व माल को होने वाले नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता। जिलाधीश ने संबंधित सभी बीडीपीओ व कार्यकारी अधिकारी/सचिव से कहा है कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में इस प्रकार पशुओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाएं ताकि लोग पालतू पशुओं को बेसहारा न छोडे। आवारा पशुओं की वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है जिससे जानमाल का नुकसान होता है। आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नगरपरिषद में हंगामे के पीछे सरकार का हाथ

- इनेलो महिला विंग की प्रदेश महासचिव सुनैना चौटाला ने जड़ा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

इनेलो महिला विंग की प्रदेश महासचिव सुनैना चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला अपराधों को रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है। महिला सम्मान का ढोंग रचने वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिलाएं ही सबसे ज्यादा परेशान हैं। इनके मंत्री तक महिला शोषण के गंभीर आरोपों से घिरे हुए हैं। फतेहाबाद नगरपरिषद में हो रहे विवाद पर सुनैना चौटाला ने कहा कि यह सब सरकार के नुमाइंदे के इशारे पर हो रहा है। वे फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में इनेलो महिला विंग के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने 31 दिसम्बर को जींद के उचाना हल्के में होने वाले प्रदेश स्तरीय महिला आक्रोश सम्मेलन का महिला कार्यकर्ताओं को निमंत्रण देते हुए कहा कि इस सम्मेलन प्रदेश सरकार की महिला विरोधी नीतियों की जहां पोल खोलने का काम करेगी वहीं इसी सम्मेलन से महिलाएं लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा को उखाड़ फैंकने का आगाज करेंगी। इस सम्मेलन को इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला सहित अनेक वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। सुनैना चौटाला ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सत्ता में आई है, महिला अपराधों में बेहताशा वृद्धि हुई है। सरकार का कानून पर कोई कंट्रोल नहीं है। प्रदेश सरकार महिलाओं को रोजगार देने में नाकाम रही है। देश में बढ़ती महंगाई ने महिलाओं की रसोई का बजट बिगाड़ कर रख दिया है।


**फतेहाबाद।** कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते सुनैना चौटाला।

### किसानों ने सुंडी के प्रकोप से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा मांगा

**रतिया।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहा की मीटिंग ब्लॉक प्रधान कर्म सिंह की अध्यक्षता में रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। इस मीटिंग में मुख्य वक्ता के तौर पर जिला प्रधान निर्भय सिंह ने भाग लिया। मीटिंग में सुंडी के प्रकोप से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग की गई। साथ ही पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मुकद्दमों की भी कड़े शब्दों में निंदा की गई और मुकदमे वापस लेने की मांग की गई। बैठक में कुछ मुद्दों पर जिन किसानों ने पराली खेत में ही मिक्स की है, उनकी गेहूं की फसल में सुंडी का प्रकोप, बाढ़ में नष्ट हुई फसलों का अभी तक मुआवजा नहीं आया। पराली जलाने के नाम पर किसानों पर दर्ज मुकदमें रद्द हो। किसान नेता गुरलाल सिंह ने बताया कि जिन किसानों ने पराली नहीं जलाई और सुपर सीडर से गेहूं बिजाई की है, उसमें सुंडी का बहुत ज्यादा प्रकोप है। यूनियन ने मांग की कि जैसे पराली जलाने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी खेतों में जाकर किसानों को जुर्माना व मुकदमा कर रहे थे।

## अब तक फायरिंग करने के चार आरोपित काबू

- बी-13 रेस्टोरेंट पर फायरिंग कर रंगदारी मांगने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

रेलवे रोड स्थित बी-13 फूड कोर्ट पर 17 दिसम्बर की रात को फायरिंग कर दुकान मालिक से 50 लाख रुपये फिरौती मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए शहर टोहाना पुलिस अब तक चार युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने दो युवकों को गत दिवस जहां गांव समैण के पास से गिरफ्तार कर लिया था वहीं इस मामले में पुलिस ने वारदात करने की साजिश रचने में शामिल दो युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस वारदात में शामिल एक आरोपी की तलाश में जुटी है। डीएसपी शमशेर सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान जींद निवासी राहुल व टोहाना निवासी कमल व दो अन्य युवकों के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया है। चारों आरोपियों को वीरवार को कोर्ट मे पेश किया गया। जहां से दो आरोपियों को अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग हथियार, वारदात मे शामिल अन्य आरोपियों के बारे पूछताछ की जाएगी। डीएसपी ने बताया कि इनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी को लेकर टोहाना पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही वारदात में शामिल गोली चलाने वाले आरोपी सहित उनके दूसरे साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पूछताछ में सामने आया है कि उक्त युवक कैप्टन बॉक्सर गैंग के लिए काम करते हैं। 50 लाख फिरौती मांगने और फायरिंग करने के पीछे इनका मकसद क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करना था। इसी साल जनवरी महीने में इसी रेस्टोरेंट पर हुई फायरिंग में भी इसी गैंग का हाथ था। टोहाना पुलिस ने इस मामले में बी-13 फूड कोर्ट के मालिक जगदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया था।


**टोहाना।** पुलिस गिरफ्त में रेस्टोरेंट पर फायरिंग मामले में गिरफ्तार दोनों युवक।

### भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**रतिया।** रतिया में एक निजी बैंक के कर्मचारियों द्वारा कुछ किसानों के अकाउंट से ढाई करोड़ रुपए की राशि गबन करने के मामले में भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ द्वारा किए गए आंदोलन के स्वरूप किसानों के गबन किया ढाई करोड रुपए वापस मिल गया है। इसके बाद वीरवार को पीड़ित किसानों लखविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, अमृतपाल सिंह, जरनैल सिंह इत्यादि ने किसान यूनियन के कार्यालय में पहुंचकर किसान यूनियन को सहयोग देने के लिए सम्मानित किया और सहयोग स्वरूप 51000 की राशि भी यूनियन के भेंट की। इस अवसर पर खेती बचाओ के राज्य प्रधान जरनैल सिंह मलवाला, उप प्रधान बेगराज फुलां, जिला प्रधान राजेन्द्र चहल, कुलदीप बराड़, तेजिंदर औजला, राम जाट, इकबाल सिंह, कुलदीप कुणाल, लखविंदर कुणाल, कुलविंद्र व अन्य मौजूद रहे।

## सब्जियों व फलों पर टैक्स लगाने से बढ़ेगी महंगाई


**फतेहाबाद।** किसान मजदूर जनआक्रोश रैली को लेकर गांवों का दौरा करते डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने किसान मजदूर जन आक्रोश रैली को लेकर किए दर्जनों गांवों के दौरे

सिरसा में 24 दिसंबर को होने वाली किसान मजदूर जन आक्रोश रैली के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने अपनी टीम के साथ गांव बड़ोपल, एमपी रोही, भोड़ा, चिंदड़, बनावाली, पीलीमंदौरी, भूना आदि गांवों के दौरे किए। वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि मौजूदा सरकार से प्रदेश की जनता बहुत दुखी है। कल ही आढतियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर के सरकार के तानाशाही रवैया के खिलाफ आवाज उठाई है। डॉ. सिवाच ने कहा कि इस सरकार ने खाने की वस्तुओं पर टैक्स लगाकर जनता को लूटने का घिनौना काम किया है। आजादी से लेकर अब तक दूध, दही, कपड़ा, चीनी आदि वस्तुओं पर टैक्स नहीं था। इतना ही नहीं, सरकार द्वारा सब्जी व फलों पर मार्केट फीस व एचआरडीएफ लगाने से महंगाई बढ़ेगी जिसका बोझ आम जनता पर पड़ेगा। कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि एक तरफ सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने की बात कर रही है दूसरी तरफ सरकार द्वारा नए-नए टैक्स लगाकर आम जनता पर बोझ डाला जा रहा है। सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए किसान, आढ़ती एवं आम जनता के हित में नहीं है।

## केरल में जेएन-1 वेरिएंट से हो चुकी है 3 मौतें, सरकार ने भी जारी किया है अलर्ट

# कोरोना का डर छोड़ छात्राएं केरल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के फैलने और इससे कई लोगों की मौत होने के बाद लोगों में एक बार फिर से कोरोनावायरस का डर दिखने लगा है। स्वास्थ्य विभाग ने केरला सहित देशभर के राज्यों में वायरस को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, हरियाणा में पीएम श्री स्कूल की करीब 200 छात्राओं को एडवेंचर एंड कोस्टल नेचर स्टडीज कैम्प के लिए केरल ले जाया गया है। केरल के चेरतल्ला में 25 से 29 दिसम्बर तक 5 दिवसीय कैम्प में केरल का कल्चर जानेंगी। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के प्रत्येक जिलों से इस छात्राओं को वीरवार को यहां से रवाना किया। जहां से वह एक साथ दिल्ली के निजामुदीन स्टेशन से केरला के लिए रवाना होंगी। इन छात्राओं के केरला जाने और वहां से आ रही कोरोना की खबरों के बीच अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षक भी चिंतित है। आम लोगों का मानना है कि यह शिक्षा विभाग की अनदेखी और लापरवाही है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग पंचकूला द्वारा केरल के चेरतल्ला में आयोजित नेचर स्टडीज एडवेंचर कैम्प को लेकर आज फतेहाबाद का गुरप केरल के लिए रवाना हुआ। फतेहाबाद के 7 ब्लाकों में पीएम श्री स्कूल है। इन सभी स्कूलों से एक-एक छात्रा को इस कैम्प के लिए चयनित किया गया है। यह 7 छात्राएं जीएसएसएस फतेहाबाद की प्राध्यापिका रूपिन्द्र कौर के नेतृत्व में केरला रवाना हुआ। रात को यह नई दिल्ली निजामुदीन स्टेशन से केरला के लिए ट्रेन में बैठेंगे। एडवेंचर एंड कोस्टल नेचर स्टडीज कैम्प के तहत इस एडवेंचर टूर में 11वीं व 12वीं की छात्राएं भाग ले रही है।


**फतेहाबाद।** केरल में आयोजित कैम्प के लिए रवाना होती फतेहाबाद की छात्राएं।

### केरला में तेजी से बढ़ रहे हैं कोरोना इन्फेक्शन के मामले

*बता दें कि बीते कई महीनों से चीन में कोविड का नए वैरिएंट जेएन-1 फैलने की खबरें आ रही थी। लेकिन जेएन-1 सब वैरिएंट भारत में भी दस्तक दे चुका है। अब भारत के तमाम राज्यों में इससे होने वाले इन्फेक्शन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक केरल में कोविड की वजह से तीन लोगों की मौत हुई। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि केरला के पड़ोसी राज्यों कर्नाटक और तमिलनाडु में भी नए वैरिएंट में मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसके बाद वहां के अस्पतालों को भी अलर्ट मोड में रखा गया है। वीरवार को फतेहाबाद जिले के सभी ब्लाकों से एक-एक छात्रा सहित 7 छात्राएं व एक अध्यापिका फतेहाबाद से नई दिल्ली रवाना हुई। दिल्ली के निजामुदीन स्टेशन से यह छात्राएं केरला के शहर चेरतल्ला में पहुंचेगी।*

*-नरेश कुमार, सहायक परियोजना संयोजक, फतेहाबाद*

### स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट

*कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। अहतियात के तौर पर विभाग ने एडवाइजरी जारी की हुई है। जब तक ज्यादा जरूरी न हो, बाहर न जाएं व भीड़भाड़ वाली जगह से बचना चाहिए। किसी से हाथ न मिलाएं और सुरक्षा की दृष्टि से मास्क लगाएं। कोविड के समय जारी सभी गाइडलाइंस का पालन करें। अभी तक फतेहाबाद जिले में नए वैरिएंट का कोई केस नहीं आया है लेकिन सभी को उन स्थानों पर जाने से बचना चाहिए जहां नए वैरिएंट के केस सामने आ रहे हैं।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005